# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था
# (Indian Constitution & Polity)

## 13. राष्ट्रपति

1. ''राष्ट्रपति की वही स्थिति है, जो ब्रिटिश संविधान में सम्राट की है। वह राष्ट्र का प्रधान है, कार्यपालिका का नहीं। वह राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है, उसका शासन नहीं। वह साधारणत: मंत्रियों के परामर्श को मानने के लिये बाध्य होगा। वह न तो उसके परामर्श के विरूद्ध कुछ कर सकता है, न उसके परामर्श के बिना ही।'' उक्त कथन किसका है?
   **(a) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर**
   (b) डॉ. के. एन. मुंशी
   (c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (d) जवाहर लाल नेहरू
2. राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया का संबंध किसके संविधान से है?
   **(a) संयुक्त राज्य अमेरिका**
   (b) जापान
   (c) ब्रिटेन
   (d) कनाडा
3. लोकसभा के निर्वाचन हेतु अधिसूचना किसके द्वारा जारी की जाती है ..........?
   (a) सवोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
   (b) निर्वाचन आयोग
   **(c) राष्ट्रपति**
   (d) उपर्युक्त किसी के द्वारा
4. संघ और राज्यों के मध्य वित्तीय संसाधनों के वितरण में सलाह देने के लिए राष्ट्रपति द्वारा किसकी नियुक्ति की जाती है?
   (a) योजना आयोग
   **(b) वित्त आयोग**
   (c) राष्ट्रीय विकास परिषद्
   (d) इनमें से कोई नहीं
5. राष्ट्रपति का निर्वाचन एक निर्वाचक मंडल द्वारा होगा। यह उल्लेख है –
   **(a) अनुच्छेद 54 में**
   (b) अनुच्छेद 63 में
   (c) अनुच्छेद 55 में
   (d) इनमें से कोई नहीं
6. राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र किसे सौंपता है?
   (a) लोकसभाध्यक्ष
   (b) प्रधानमंत्री
   (c) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
   **(d) उपराष्ट्रपति**
7. सत्रावसान करना राष्ट्रपति की किस शक्ति से संबंधित है?
   (a) विवेकाधिकार
   (b) न्यायिक शक्ति
   (c) कार्यपालिका शक्ति
   **(d) विधायी शक्ति**
8. भारतीय संघ की कार्यपालिका शक्ति निहित है –
   **(a) राष्ट्रपति में**
   (b) प्रधानमंत्री में
   (c) लोकसभा में
   (d) संसस में
9. धन विधेयक पर स्वीकृति देने के लिए बाध्य है –
   (a) स्पीकर
   **(b) राष्ट्रपति**
   (c) उप राष्ट्रपति
   (d) प्रधानमंत्री
10. राष्ट्रपति के निर्वाचन में भाग लेते हैं –
   (a) संसद, विधानसभा एवं जिला परिषद् के सदस्य।
   (b) संसद के सभी सदस्य एवं विधानसभाओं के सभी सदस्य।
   **(c) संसद के निर्वाचित सदस्य एवं विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य।**
   (d) संसद के सभी सदस्य एवं विधानसभा एवं विधान परिषद् के सभी सदस्य।
11. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अधीन भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाया जा सकता है–
   **(a) अनुच्छेद 61**
   (b) अनुच्छेद 356
   (c) अनुच्छेद 75
   (d) अनुच्छेद 76
12. निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में भारत का राष्ट्रपति स्वविवेक शक्ति का प्रयोग कर सकता है –
   1. जब प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडलीय मंत्री के बीच विवाद हो।
   2. जब लोकसभा में कोई बहुमत दल नहीं हो और उसे एक प्रधानमंत्री का चयन करना हो।
   3. जब शासक दल लोकसभा में अपना बहुमत खो दे।
   4. जब राष्ट्रपति संघीय मंत्रिमण्डल द्वारा दिए गए परामर्श पर पुनर्विचार किए जाने हेतु वापस भेजने का निर्णय ले।

   नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –
   (a) 3, 4
   (b) केवल 1
   **(c) 2, 3, 4**
   (d) 1, 2

13. भारत का राष्ट्रपति -
    **(a) राष्ट्र का प्रमुख है।**
    (b) सरकार का प्रमुख है।
    (c) सरकार एवं राष्ट्र दोनों का प्रमुख है।
    (d) उपर्युक्त किसी का नहीं
14. निम्नलिखित कथनों में सत्य कथन छांटिए -
    (a) राष्ट्रपति को पद एवं गोपनीयता की शपथ सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश दिलाता है।
    (b) राष्ट्रपति पद के लिए लोकसभा का सदस्य बनने की योग्यता आवश्यक है।
    (c) राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नामांकन को निर्वाचक मण्डल के कम से कम 50 सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त होना जरूरी है।
    **(d) ये सभी**
15. राष्ट्रपति पर महाभियोग का प्रस्ताव लाया जा सकता है -
    (a) दाण्डिक अपराध के लिए
    (b) कर्त्तव्य की अवहेलना के लिए
    (c) चोरी के लिए
    **(d) संविधान अतिक्रमण के लिए**
16. सही कथन चुनिए -
    1. राष्ट्रपति के विरूद्ध महाभियोग प्रस्ताव संसद द्वारा पारित होने के पश्चात् राष्ट्रपति की संस्तुति की आवश्यकता नहीं होती।
    2. महाभियोग प्रक्रिया के आरोपों की जाँच के दौरान राष्ट्रपति स्वयं संसद में उपस्थित होकर या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकता है।
    3. राष्ट्रपति पद के निर्वाचन के लिए शासकीय पद पर आसीन कोई व्यक्ति उम्मीदवार बन सकता है।
    4. कार्यकाल के दौरान त्यागपत्र देने पर भी राष्ट्रपति को आजीवन पेंशन मिलती रहती है।
    5. राष्ट्रपति के निर्वाचन में केन्द्र एवं राज्यों को बराबर का महत्व दिया जाता है।

    कूट -
    (a) 1, 4, 3, 5
    (b) 1, 2, 3, 4, 5
    (c) 1, 2, 3, 4
    **(d) 1, 2, 4, 5**
17. 26 जनवरी, 1950 से राष्ट्रपति पद के लिये प्रथम चुनाव होने तक भारत का अन्तरिम राष्ट्रपति कौन था?
    **(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**
    (b) सी. आर. राजगोपालाचारी
    (c) डॉ. राधा कृष्णन
    (d) डॉ. जाकिर हुसैन
18. निम्नलिखित कौन से कार्य राष्ट्रपति से संबंधित हैं?
    (a) संसद के दोनों सदनों का सत्रावसान करना
    (b) लोकसभा को विघटित करना
    (c) संसद के दोनों सदनों को आहूत करना
    **(d) उपर्युक्त सभी**
19. किसी भी विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजे जाने पर, कितने दिनों के अंदर उस विधेयक पर कार्यवाही करना आवश्यक है?
    (a) 30 दिन
    (b) 14 दिन
    (c) 60 दिन
    **(d) निश्चित नहीं**
20. राष्ट्रपति को निम्नलिखित किस सूची के विषयों पर अध्योदेश जारी करने का अधिकार नहीं है?
    **(a) राज्य सूची**
    (b) समवर्ती सूची
    (c) संघ सूची
    (d) a और c दोनों
21. निम्नलिखित कौनसा विधेयक बिना राष्ट्रपति के पूर्वानुमति लिये संसद में पेश नहीं किया जा सकता है?
    (a) साधारण विधेयक
    **(b) वित्त विधकयक**
    (c) a और b दोनों
    (d) इनमें से कोई नहीं
22. भारतीय संविधान के अनुसार देश का प्रथम नागरिक कौन होता है?
    (a) प्रधानमंत्री
    **(b) राष्ट्रपति**
    (c) लोकसभा अध्यक्ष
    (d) उपराष्ट्रपति
23. राष्ट्रपति पद के चुनाव संबंधी विवाद को किसे निदेशित किया जाता है?
    (a) लोकसभा अध्यक्ष
    (b) संसदीय समिति
    **(c) उच्चतम न्यायालय**
    (d) निर्वाचन आयोग
24. राष्ट्रपति पद का चुनाव संचालित किया जाता है -
    (a) प्रधानमंत्री द्वारा
    (b) संसदीय मामलों के मंत्री द्वारा
    (c) लोकसभाध्यक्ष द्वारा
    **(d) निर्वाचन आयोग द्वारा**
25. भारत में किसके चुनाव में आनुपातिक प्रतिनिधित्व चुनाव प्रणाली अपनाई जाती है?
    (a) विधान परिषद् सदस्य
    (b) राज्यसभा सदस्य
    **(c) राष्ट्रपति**
    (d) उपराष्ट्रपति

26. राष्ट्रपति चुनाव संबंधी मामले किसके पास भेजे जाते हैं?
(a) उपराष्ट्रपति
(b) चुनाव आयोग
(c) संसद
**(d) उच्चतम न्यायालय**

27. राष्ट्रपति पर महाभियोग का आरोप संसद के किस सदन द्वारा लगाया जाता है?
(a) राज्यसभा
**(b) संसद के किसी भी सदन द्वारा**
(c) लोकसभा
(d) उपर्युक्त किसी के द्वारा नहीं

28. राष्ट्रपति को हटाया जा सकता है .............?
(a) संविधान संशोधन में
(b) अविश्वास प्रस्ताव लाकर
**(c) महाभियोग से**
(d) कानूनी कार्यवाही से

29. कार्यकाल पूर्ण होने पर पहले भारत के राष्ट्रपति को उनके पद से कौन हटा सकता है?
(a) उपराष्ट्रपति
**(b) संसद द्वारा महाभियोग लगाकर**
(c) प्रधानमंत्री
(d) उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

30. भारत के राष्ट्रपति को कार्य अवधि की समाप्ति के पूर्व भी पद से हटाया जा सकता है -
(a) प्रधानमंत्री द्वारा
(b) सत्ताधारी राजनीतिक दल द्वारा
(c) न्यायालय में ट्रायल द्वारा
**(d) महाभियोग द्वारा**

31. राष्ट्रपति को निम्नलिखित में से कौन पद और गोपनीयता की शपथ दिलाता है?
(a) प्रधानमंत्री
(b) महाधिवक्ता
**(c) भारत का मुख्य न्यायाधीश**
(d) अटार्नी जनरल

32. एक सांसद या विधायक राष्ट्रपति चुना जाता है, तो -
(a) अपने निर्वाचन के बाद छः माह के अन्दर सीट छोड़नी होगी।
**(b) वह ज्यों ही निर्वाचित हो जाये उसे अपनी सीट छोड़नी होगी।**
(c) उसे चुनाव लड़ने से पूर्व अपने पद से त्यागपत्र देना होगा।
(d) वह केवल विधायक का चुनाव लड़ सकता है, सांसद का नहीं।

33. भारत के चौथे राष्ट्रपति थे?
(a) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(b) डॉ. जाकिर हुसैन
**(c) वी. वी गिरि**
(d) फखरूद्दीन अली अहमद

34. राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की अनुपस्थिति में कौन कार्यभार ग्रहण करेगा?
(a) लोकसभाध्यक्ष
(b) मंत्रिपरिषद्
(c) प्रधानमंत्री का कैबिनेट
**(d) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य नयायाधीश**

35. लोकसभा द्वारा पारित विधेयक यदि राष्ट्रपति लोकसभा को पुनर्विचार के लिए लौटाता है और लोकसभा उसे पूर्ववत् पास करके राष्ट्रपति के पास भेज देती है, तो राष्ट्रपति विधेयक को-
(a) सुप्रीम कोर्ट की अनुमति लेगा
(b) पुनः लौटा सकता है
(c) पुनः स्पष्टीकरण माँग सकता है
**(d) अनुमति देगा**

36. राष्ट्रपति के निर्वाचन में राज्य का मुख्यमंत्री मतदान के लिए पात्र नहीं होता है, यदि -
(a) वह कामचलाऊ रूप में नियुक्त मुख्यमंत्री हो।
(b) वह स्वयं प्रत्याशी होता है।
(c) उसे राज्य विधान मंडल के निचले सदन में बहुमत सिद्ध करना हो।
**(d) वह राज्य विधानमंडल में उच्च सदन का सदस्य हो।**

37. भारत के राष्ट्रपति का वेतन है .............?
(a) 1,00,000 रूपये प्रति माह
**(b) 1,50,000 रूपये प्रति माह**
(c) 50,000 रूपये प्रति माह
(d) 1,25,000 रूपये प्रति माह

38. भारत के राष्ट्रपति के चुनाव के लिए चुनाव मण्डल के सदस्य होते हैं -
1. लोकसभा में चुने गए सदस्य।
2. राज्यसभा के चुने गए सदस्य।
3. राज्य विधानसभा के चुने गए सदस्य।
4. राज्य विधान परिषद् के चुने गए सदस्य।
कूट -
(a) 1, 3 एवं 4
(b) 1 एवं 2
**(c) 1, 2 एवं 3**
(d) 1 एवं 3

39. कथन (A) : अपने कार्यकाल के दौरान भारत के राष्ट्रपति के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में मुकदमा नही चलाया जा सकता है।
कारण (R) : राष्ट्रपति का पद संविधान के ऊपर होता है।
(a) कथन और कारण दोनों सही हैं, किन्तु कारण कथन को स्पष्ट नहीं करता है।
(b) कथन और कारण दोनों सही हैं और कथन कारण की सही व्याख्या है।
(c) कथन गलत है, किन्तु कारण सही है।
**(d) कथन सही है, किन्तु कारण गलत है।**

40. भारत के प्रथम तीन राष्ट्रपतियों का समय के अनुसार पहले से बाद का सही क्रम है -
**(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. एस. राधाकृष्णन, डॉ. जाकिर हुसैन**
(b) डॉ. एस. राधाकृष्णन, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. जाकिर हुसैन
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. एस. राधाकृष्णन
(d) इनमें से कोई नहीं

41. राष्ट्रपति के पदत्याग या मृत्यु के समय यदि उपराष्ट्रपति का पद भी रिक्त हो तो ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति पद पर कौन आसीन होगा?
(a) पद रिक्त रहता है
(b) केन्द्रीय गृहमंत्री
**(c) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश**
(d) लोकसभा अध्यक्ष

42. राष्ट्रपति द्वारा आपातकाल की उद्घोषणा के कितने दिनों के अंदर संसदीय स्वीकृति आवश्यक होती है?
(a) 2 माह
(b) 14 दिन
(c) 15 दिन
**(d) 1 माह**

43. लोकसभा के कम से कम कितने सदस्य आपातकाल पर विचार हेतु सदन के अध्यक्ष या राष्ट्रपति को (यदि सदन सत्रावसान में है) सदन की बैठक अनिवार्य रूप से बुलाये जाने की लिखित माँग कर सकते हैं?
(a) 2/3
(b) 1/5
**(c) 1/10**
(d) 1/2

44. राष्ट्रपति किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा किसके प्रतिवेदन पर करता है?
**(a) राज्य के राज्यपाल**
(b) राज्य के मुख्यमंत्री
(c) राज्य के मुख्य न्यायाधीश
(d) इनमें से कोई नहीं

45. संसद द्वारा प्रस्ताव पारित हो जाने पर किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन एक बार में कितने समय तक के लिए लागू होता है?
**(a) 6 माह**
(b) 1 माह
(c) 3 माह
(d) 12 माह

46. 42वें संवैधानिक संशाधन अधिनियम 1976 द्वारा राष्ट्रपति शासन की 6 माह की अवधि को बढ़ाकर कितना कर दिया गया था?
(a) 9 माह
(b) 18 माह
(c) 15 माह
**(d) 12 माह**

47. किस संघ शासित क्षेत्र में राष्ट्रपति शासन पहली बार लागू हुआ?
(a) मणिपुर
(b) दिल्ली
(c) पाण्डिचेरी
**(d) गोवा**

48. राष्ट्रपति चुनाव में उत्पन्न विवादों को निपटाता है ............?
(a) निर्वाचक मण्डल
**(b) सर्वोच्च न्यायालय**
(c) उप-राष्ट्रपति
(d) इनमें से कोई नहीं

49. राष्ट्रपति के विरूद्ध महाभियोग प्रस्ताव पारित किया जाता है-
(a) उपस्थित सदस्यों के बहुमत से।
(b) कुल सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से।
(c) दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में।
**(d) उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत तथा कुल सदस्यों के बहुमत से।**

50. संविधान संशोधन विधेयक के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी -
**(a) आवश्यक है**
(b) आवश्यक नहीं है
(c) राज्यसभा की इच्छा से पारित हो जायेगा
(d) लोकसभा की इच्छा से पारित हो जायेगा

51. राष्ट्रपति के चुनाव में कौन हिस्सा नहीं लेता ............?
(a) दिल्ली विधानसभा के सदस्य
**(b) संसद के दोनों सदनों के मनोनीत सदस्य**
(c) 28 राज्यों की विधानसभा के निर्वाचित सदस्य
(d) पाण्डिचेरी विधान सभा के सदस्य

52. राष्ट्रपति का पद रिक्त होने के कितने दिनों के अंदर राष्ट्रपति चुनाव सम्पन्न होना आवश्यक है .............?
(a) 3 महीने
**(b) 6 महीने**
(c) 24 महीने
(d) 12 महीने

53. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए -

| सूची-I (भारत के राष्ट्रपति) | सूची-II (चुनावी विवरण) |
|---|---|
| (i) राजेन्द्र प्रसाद | 1. निर्विरोध निर्वाचित |
| (ii) जाकिर हुसैन | 2. द्वितीय वरियता की मतगणना |
| (iii) वी. वी. गिरी | 3. दो कार्यकालों के लिए निर्वाचित |
| (iv) नीलम संजीव रेड्डी | 4. पदधारण के दौरान मृत्यु |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| **(b)** | **3** | **4** | **2** | **1** |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

54. संविधान के अनुसार निम्नांकित में से क्या शब्दश: भारत के राष्ट्रपति की शक्ति नहीं है?
(a) क्षमादान करना
(b) अध्यादेशों का प्रख्यापन
(c) उच्चतम न्यायालय से परामर्श करना
**(d) संसद के सदस्यों को संदेश भेजना**

55. राष्ट्रपति पाँच वर्ष तक अपने पद पर रहता है -
(a) निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित तिथि से
(b) अपने निर्वाचन की तारीख से
(c) संसद द्वारा निर्धारित तिथि से
**(d) अपने पद ग्रहण के दिन से**

56. भारत के राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के पद के खाली होने की स्थिति में जो व्यक्ति राष्ट्रपति के पद का निर्वहन करेगा वह है .............?
(a) महान्यायवादी
(b) लोकसभा के सभापति
**(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश**
(d) राज्यसभा के अध्यक्ष

57. 2012 में राष्ट्रपति द्वारा मनोनयन से किसे राज्य सभा की सदस्यता प्राप्त हुई?
(a) जया बच्चन
(b) मायावती
**(c) अनु आगा**
(d) हेमा मालिनी

58. भारत के राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया है ...........?
(a) विधायी प्रक्रिया
(b) कार्यपालिका प्रक्रिया
**(c) न्यायिक प्रक्रिया**
(d) अर्ध न्यायिक प्रक्रिया

59. संविधान के किस अनुच्छेद ने राष्ट्रपति को सरकार से सूचना प्राप्त करने का अधिकार प्रदान किया है
**(a) 78 (b)**
(b) 75 (i)
(c) 75 (ii)
(d) 78 (a)

60. राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया कहाँ आरंभ होती है?
(a) केवल राज्यसभा में
(b) केवल लोकसभा में
**(c) संसद के किसी भी सदन में**
(d) संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में

61. संविधान के किस अनुच्छेद ने राष्ट्रपति को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाने का अधिकार प्रदान किया है?
(a) 109
(b) 110
(c) 107
**(d) 108**

62. आपातकाल की घोषणा से संबंधित सांविधानिक संशोधन (1978) भारत के राष्ट्रपति से निम्नलिखित के अनुसार कार्य करने की अपेक्षा करता है -
(a) उच्चतम न्यायालय की सलाह
(b) संपूर्ण मंत्रिपरिषद् की सामूहिक सलाह
**(c) केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की सहाल**
(d) भारत के महान्यायवादी की सलाह

63. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए -

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (i) आपातकाला की उद्घोषणा | 1. अनुच्छेद 356 |
| (ii) राज्यों में राष्ट्रपति शासन | 2. अनुच्छेद 352 |
| (iii) आपातकाल के दौरान अनु. 19 के उपबंधों का निलंबन | 3. अनुच्छेद 358 |
| (iv) वित्तीय आपातकाल | 4. अनुच्छेद 360 |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| **(a)** | **2** | **1** | **3** | **4** |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

64. भारत के राष्ट्रपति को यह अधिकार प्राप्त है, कि वह -
(a) अध्यादेश जारी करे
(b) क्षमादान करे
**(c) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाए**
(d) आपातकाल की घोषणा करे

65. राष्ट्रपति पद्धति में समस्त कार्यपालिका की शक्तियाँ किसमें निहित होती हैं?
   (a) उच्च सदन में
   (b) राष्ट्रपति में
   (c) कैबिनेट में
   **(d) व्यवस्थापिका में**
66. निम्नलिखित में से कौन-सी राष्ट्रपति की स्वविवेकी शक्ति है?
   1. मंत्रिपरिषद् की नियुक्ति
   2. विधेयक को आपत्तियों सहित वापस भेजना
   3. विधेयक को रोक कर रखना
   4. क्षमा प्रदान करना
   5. संयुक्त अधिवेशन की अधिसूचना जारी करना
   6. संसद को संदेश भेजना
   7. न्यायाधीशों की नियुक्ति
   कूट –
   **(a) 3, 6, 7**
   (b) 1, 2, 3, 4
   (c) 2, 5, 6, 7
   (d) 2, 4, 6
67. भारतीय राष्ट्रपति के सर्वसम्मति से चुने जाने का अभी तक एकमात्र उदाहरण है –
   **(a) नीलम संजीव रेड्डी**
   (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (c) डॉ. एस. राधाकृष्णन
   (d) डॉ. जाकिर हुसैन
68. स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति किस राज्य से थे ......?
   **(a) बिहार से**
   (b) तमिलनाडु से
   (c) उत्तर प्रदेश से
   (d) आन्ध्र प्रदेश से
69. भारत के किस राष्ट्रपति की मृत्यु कार्यकाल पूरा करने से पूर्व ही हो गई थी?
   (a) वी. वी. गिरि
   (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (c) डॉ. एस. राधाकृष्णन
   **(d) डॉ. जाकिर हुसैन**
70. निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा नहीं होती?
   (a) भारत के मुख्य न्यायाधीश
   (b) सेना प्रमुख
   **(c) लोकसभाध्यक्ष**
   (d) इनमें से कोई नहीं
71. वित्त बिल के लिए किसकी पूर्व स्वीकृति आवश्यक है?
   (a) वित्त मंत्री
   **(b) भारत के राष्ट्रपति**
   (c) प्रधानमंत्री
   (d) इनमें से कोई नहीं
72. विदेशों को भेजे जाने वाले विभिन्न संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के लिए व्यक्तियों का नामांकन निम्नलिखित में से कौन करता है?
   (a) राष्ट्रपति
   (b) राज्यसभा अध्यक्ष
   **(c) प्रधानमंत्री**
   (d) लोकसभाध्यक्ष
73. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति का कार्य नहीं है ........?
   **(a) किसी सत्र के अंतर्गत लोकसभा की बैठकें आहूत करना**
   (b) लोकसभा का सत्र बुलाना
   (c) लोससभा का विघटन
   (d) लोकसभा का सत्रावसान करना
74. विदेशी देशों के सभी राजदूतों का कमिश्नरों के प्रत्यय पत्र किसके द्वारा प्राप्त किए जाते हैं?
   **(a) राष्ट्रपति**
   (b) उपराष्ट्रपति
   (c) प्रधानमंत्री
   (d) विदेश मंत्री
75. भारत के राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों को प्रथम सत्र के प्रारम्भ के कब सम्बोधित करते हैं?
   (a) लोकसभा के लिए प्रत्येक आम चुनाव के बाद
   (b) प्रति वर्ष
   **(c) उपरोक्त दोनों**
   (d) उपरोक्त दोनों ही नहीं
76. युद्ध अथवा भारत पर आक्रमण होने की स्थिति में निम्नलिखित में से कौन अंतिम रूप से आक्रमणकारी के विरूद्ध युद्ध की घोषणा कर सकता है?
   (a) मंत्रिमण्डल
   **(b) राष्ट्रपति**
   (c) संसद
   (d) प्रधानमंत्री
77. राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेश अधिवेशन आरम्भ होने के कितने दिनों तक अधिक से अधिक एक बार में प्रभावी रह सकता है?
   **(a) 6 सप्ताह**
   (b) 6 महीना
   (c) 6 दिन
   (d) इनमें से कोई नहीं
78. भारत के राष्ट्रपति के पास कौनसी वीटो शक्ति होती है?
   (a) पॉकेट निषेध
   (b) निलम्बित निषेध
   (c) पूर्ण निषेध
   **(d) ये सभी**